
# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (21 August)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-august-21

- सेना मुख्यालय द्वारा किये गए **विस्तृत आंतरिक अध्ययन** के आधार पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने **सेना मुख्यालय को पुनर्गठित** करने के बारे में कुछ निर्णयों को मंज़ूरी दे दी है। इसके तहत **तीनों सेनाओं** के प्रतिनिधित्व सहित **सेना प्रमुख के अधीन एक अलग सतर्कता प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।** फिलहाल अनेक एजेंसियों के माध्यम से सेना प्रमुख के लिये सतर्कता संबंधी क्रियाकलाप किया जाता है और इसमें किसी एक एजेंसी का हस्तक्षेप नहीं है। **मानवाधिकारों के मुद्दों** पर ध्यान केंद्रित करने के लिये **उप-सेना प्रमुख के अधीन** अपर महानिदेशक (मेजर जनरल रैंक के अधिकारी) के नेतृत्व में एक विशेष मानवाधिकार अनुभाग स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। यह मानव संसाधन संबंधी किसी प्रकार के उल्लंघन की रिपोर्ट की जाँच करने के लिये शीर्ष बिंदु होगा। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्य बलों की क्षमताओं को और बेहतर बनाने के लिये **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** की नियुक्ति का एलान किया था।
- 20 अगस्त को सुबह 3 लाख 84 हज़ार किलोमीटर की दूरी तय करके भारत का मिशन **चंद्रयान-2 चंद्रमा की कक्षा** में प्रवेश कर गया। इस जटिल ऑपरेशन के बाद अब अंतरिक्ष यान को चंद्रमा के ध्रुवों के ऊपर अंतिम कक्षा में प्रवेश कराया जाएगा, जहां चंद्रमा की सतह से इसकी दूरी 100 किलोमीटर होगी। संभावना है कि चंद्रयान-2 आने वाले 7 सितंबर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करेगा, लेकिन इस पर लैंड करने से पहले चंद्रयान-2 के **लूनर कैप्चर मिशन** में सफलता हासिल करना काफ़ी अहम था।




विदित हो कि चंद्रयान-2 को 22 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के सबसे भारी रॉकेट जीएसएलवी-मार्क 3 द्वारा प्रक्षेपित किया गया था।

- 20 अगस्त का दिन दुनियाभर में **विश्व मच्छर दिवस** (World Mosquito Day) के रूप में मनाया जाता है। ब्रिटिश चिकित्सक **सर रोनाल्ड रास** की स्मृति में इसे मनाया जाता है। उन्होंने वर्ष 1897 में यह खोज की थी कि मनुष्य में मलेरिया के संचरण के लिये मादा मच्छर उत्तरदायी है। **लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन और ट्रॉपिकल मेडिसिन** ने विश्व मच्छर दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 1930 में की थी। गौरतलब है कि मच्छर विश्व के सबसे प्राणघाती कीटों में से एक हैं। इसमें मनुष्यों के भीतर रोग प्रसारित और रोग संचारित करने की क्षमता है। मच्छर कई प्रकार के होते हैं, जो कि कई प्रकार के रोगों के संवाहक हो सकते हैं। वेक्टर रोगों के लिये एडीज़, एनाफेलीज़, क्यूलेक्स मच्छर (जीवित जीव, जो कि मनुष्यों या कीटों से मनुष्यों के बीच संक्रामक रोग प्रसारित कर सकते हैं) माध्यम के रूप में कार्य करते है। WHO की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल करीब 10 लाख लोगों की मौत मच्छरजनित रोगों से हो जाती है। मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया और ज़ीका मच्छरजनित रोगों में प्रमुख हैं। **राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम** की एक रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर भारत में लगभग 71% मलेरिया के मामले पाए जाते हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं।
- वर्ष 2019 के लिये **राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों** की घोषणा कर दी गई है, जिनका चयन पूर्व अर्जुन पुरस्कार विजेताओं, द्रोर्णाचार्य पुरस्कार विजेताओं, खेल पत्रकारों/विशेषज्ञों/ कमंटेटरों और खेल प्रशंसकों की चयन समितियों द्वारा किया गया है। खेल पुरस्कार 2019 के लिये गठित **चयन समिति के अध्यक्ष** सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मुकुंदकम शर्मा थे। विदित हो कि विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिये राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल दिये जाते हैं। **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** चार वर्ष की अवधि के दौरान खेलों के क्षेत्र में सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार कुश्ती में विश्व चैंपियन रहे बजरंग पूनिया तथा पैरा एथलीट **दीपा मलिक** को दिया जा रहा है। **अर्जुन पुरस्कार** 4 वर्षों के दौरान लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये दिया जाता है तथा इस वर्ष इसके लिये 19 खिलाडी चुने गए हैं। **द्रोणाचार्य पुरस्कार** प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक विजेता तैयार करने वाले कोच को प्रदान किया जाता है। खेलों के विकास में **जीवन पर्यन्त योगदान** (लाइफ टाइम अचीवमेंट) देने के लिये **ध्यानचंद पुरस्कार** दिया जाता है। कॉरपोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों में) और उन व्यक्तियों को **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** दिया जाता है जिन्होंने खेलों के प्रोत्साहन और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को **मौलाना अबुल कलाम आजाद** ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

    राष्ट्रपति भवन में 29 अगस्त, 2019 को विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं को पदक, प्रशस्ति पत्र के अलावा साढ़े सात लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार विजेताओं को लघु प्रतिमा, प्रमाण पत्र और 5-5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2019 में संस्था को एक ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया जाता है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिये जाएंगे। अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय को ट्रॉफी, 10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।